## एक नजर में

### पाइप लाइन लीकेज सुधार कार्य सक्रियता से किया जा रहा है : निगम आयुक्त




**बुरहानपुर।** नगर निगम द्वारा शहर के सभी वार्डों में पाइप लाइन का सुधार कार्य तेजी से किया जा रहा है ताकि आम जनता को स्वच्छ पानी सुचारु रूप से मिल सके। आज भी नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में दल ने पाइप लाइन वॉल्व रिपेयरिंग दुरुस्तीकरण कार्य किया गया जैसे नेहरू नगर वार्ड मेन रोड,जाकिर हुसैन वार्ड पाइप लाइन रिपेयर,राजेंद्र प्रसाद वार्ड अंसार नगर गंदे पानी का पाइप बंद किया गया।

नागझिरी में पाइप लाइन वॉल्व रिपेयरिंग दुरुस्तीकरण किया शिव मंदिर के पास महाजनापेठ डाकवाडी वार्ड पोस्ट ऑफिस के पीछे चाबी रिपेयर की गई है। नगर निगम बुरहानपुर द्वारा जनस्वास्थ्य को सर्वोपरि मानते हुए स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए त्वरित और ठोस कदम उठाए जा रहे हैं नगर निगम ने वार्डो में जाकर स्लूइस वॉल्व रिपेयरिंग कर पाइपलाइन रिपेयर सुधार कार्य किया गया।

निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर की जनता को जल समस्या से कोई भी शिकायत की निराकरण के लिए नगर निगम द्वारा हेल्पलाइन नंबर जारी है किया गया है 9630028148 पर आप अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हो निराकरण करने के लिए नगर निगम की टीम 24 घंटे तत्पर है। इस दौरान सहायक यंत्री अशोक पाटिल,उपयंत्री सुनील चौहान, संतोष सुखदान, नितिन तिवारी आदि जल विभाग की टीम द्वारा कार्य किया जा रहा है।

### उत्कृष्ट समाज सेवा हेतु महेंद्र जैन सम्मानित




**बुरहानपुर।** समाज सेवा के क्षेत्र में जिले की अग्रणी संस्था जनजाग्रति संस्था बुरहानपुर एवं जायंट्स ग्रुप बुरहानपुर के वर्ष 2025 में अध्यक्ष पद का निर्वहन करने वाली अध्यक्ष डॉ किरण सिंह एवं कैलाश अग्रवाल द्वारा वर्ष भर में किये गये संस्था के जनहीत व् जागरूकता के कार्यक्रमों में उत्कृष्ट योगदान व् समाजसेवा हेतु बुरहानपुर जिले के वरिष्ठ समाज सेवी महेंद्र जैन को जनजाग्रति संस्था के वर्ष 2026 के शपथ ग्रहण एवं अवार्ड समारोह में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व्यवहार न्यायाधीश ध् सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय बुरहानपुर प्रेमदीप सांखला के कर कमलो से सम्मानित किया गया। इस सम्मान प्राप्ति पर समाजजन,गणमान्य नागरिक एवं संस्था सदस्यों डॉ फौजिया सोडावाला,शोभा चौधरी ,डॉ हर्ष वर्मा,आर एस ठाकुर ,मनोज तीर्थानि,राकेश राठौर,सदाशिव गुप्ता , देवचंद शर्मा , रविन्द्र महाजन एविनय सूर्यवंशी,विवेक हकीम,सुमेरा अली, रजनी गट्टानी,हरिओम अग्रवाल ,अरुण जोशी,मेहुल जैन,आशा तिवारी,सुनील सलूजा,भावेश माहेश्वरी,डॉ. रमेशचन्द्र शर्मा धुआधार, मनोज शंखपाल के साथ साथ अन्य महानुभावो ने बधाई प्रेषित की ।


### नगर में फिर दो आधार सेंटर हुए बंद,आमजन को हो रही परेशानी, शहर में संचालित हैं तीन सेंटर



**नेपानगर।** हर बार की तरह इस बार फिर से नगर में 3 में से दो आधार सेंटर बंद हो गए। इसके कारण आमजन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर में कुल 3 आधार सेंटर होने के बावजूद महिलाए बाल विकास कार्यालय और पोस्ट ऑफिस स्थित 2 सेंटर पिछले कई दिनों से बंद पड़े हैं। महिला, बाल विकास कार्यालय का आधार सेंटर खराब बताकर ताला लगाकर बंद कर दिया गया है। सेंटर बंद रहने से आधार अपडेट, नया पंजीयन,मोबाइल नंबर लिंक जैसे जरूरी कार्य ठप हो गए हैं।

**ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोग परेशान:**–रोजाना दूरण्दराज़ से आने वाले गरीबए मजदूरए महिलाएं और बच्चे बिना काम लौटने को मजबूर हैं। हितग्राहियों का कहना है कि विभाग द्वारा न तो कोई सूचना दी जा रही है और न ही वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। महिला व बाल विकास से जुड़ी योजनाएं जैसे पोषण आहार, छात्रवृत्ति, समग्र आईडी, अपार आईडी, लाड़ली योजना और पीएम मातृ वंदना योजना में आधार अनिवार्य होने से लोगों को लाभ मिलने में परेशानी हो रही है। आमजन की मांग है कि प्रशासन इस समस्या का जल्द निराकरण कराए।

### श्रीमद भागवत कथा का आयोजन



**शाहपुर।** शाहपुर में सार्व.श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ व अखंड हरिनाम संकीर्तन सप्ताह सोहडा का आयोजन किया जा रहा हैं ।शाहपुर के समस्त गांवकरी मंडली एवं सकलपंच माली समाज द्वारा यह धार्मिक आयोजन दिनांक 09 जनवरी से प्रारंभ किया गया है जो कि दिनांक 16 जनवरी तक चलेगा एवं महाप्रसाद का वितरण भी किया जाएगा ।सार्व. श्रीमद भागवत कथा ज्ञानयज्ञ में कथावाचक भड़गांव पाचोरा से पधारी ह.भ.प.धनश्री ताई शिंदे कथा का वाचन कर रही हैं ।आज कथा श्रवण करने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष रिंकू टॉक , जिला सचिव आशीष भगत, डॉ.प्रवीण टेंभुरने , लॉ.मनीष महाजन , शेलेश इंगले उपस्थित थे ।इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष रिंकू टॉकए जिला सचिव आशीष भगत द्वारा कथा वाचक धनश्री ताई का फूल हार एवं शाल श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया ।कथा वाचक ताई धनश्री ताई शिंदे द्वारा भी जिला अध्यक्ष रिंकू टॉक को आशीर्वाद प्रदान किया गया


### विद्यार्थियों को करवाया गया औद्योगिक भ्रमण

**बुरहानपुर।** स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना अंतर्गत छत्रपति शिवाजी महाराज शासकीय महाविद्यालय के विद्यार्थियों को एक दिवसीय औद्योगिक भ्रमण करवाया गया। जिसके तहत विद्यार्थियों ने टैक्समो पाईप्स, नवलसिंह सहकारी शक्कर कारखाना एवं लुबी पाईप्स फैक्ट्री बसाड़ का भ्रमण किया।

# ग्राम चेनपुरा में आदिवासी सांस्कृतिक एकता महासम्मेलन







तीन दिवसीय आयोजन में महाराष्ट्र , गुजरात से पहुंच रहे है, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य भी इस सम्मेलन में शामिल होंगे

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर/नेपानगर।** क्षेत्र के ग्राम चेनपुरा में 13 जनवरी से 3 दिवसीय 33वां आदिवासी सांस्कृति एकता महासम्मेलन शुरू हुआ। सम्मेलन में पहले दिन मप्र के अलावा महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात सहित अन्य राज्यों से आदिवासी समाज के लोग पहुंचे। देर शाम तक भी बाहर से आने वाले लोगों का सिलसिला जारी रहा। पहले दिन सांस्कृतिक सम्मेलन, साहित्य सम्मेलन, युवा परामर्श आदि हुआ।

आयोजन समिति अध्यक्ष बिलर सिंह जमरा ने कहा कि जंगल पहाड, नदी बचाओ के तहत आदिवासी समाज काम कर रहा है। आदिवासी परंपरा के माध्यम से दुनिया को संदेश देना चाहते हैं कि आदिवासी प्रकृति से तालमेल बनाकर जीवन यापन करता है। कुछ लेते हैं तो कुछ देते हैं। खेती करते हैं तो खेत के चारों ओर पेड़ लगाते हैं। संसाधनों का अनावश्यक दोहन नहीं करते।

राष्ट्रीय महासचिव. अशोक चौधरी ने बताया कि संस्कृति का संरक्षित करने के लिए सम्मेलन। पहले दिन प्रदर्शनी का उद्घाटन हुआ। साहित्य सम्मेलन, युवा, महिला सम्मेलन हुआ।

**आज आएंगे अनुसूचित जनजाति आयोग अध्यक्ष:**– 14 जनवरी को भी विभिन्न आयोजन होंगे। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य भी इस सम्मेलन में शामिल होंगे। भव्य सांस्कृतिक महारैली का आयोजन किया जाएगा। रैली में आदिवासी समाज के लोग अपनी पारंपरिक वेशभूषा,लोकनृत्य, ढोल, मांदल और लोकगीतों के साथ संस्कृति की जीवंत झलक प्रस्तुत करेंगे। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगाए जिसमें पारंपरिक नृत्य, गीत, नाट्य प्रस्तुतियां और लोककलाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। यह दिन आदिवासी संस्कृति के उत्सव और गौरव का प्रतीक बनेगा।

**15 जनवरी को होगा सम्मेलन का समापन:**– महासम्मेलन के तृतीय व अंतिम दिन 15 जनवरी को संगठन सत्र आयोजित किया जाएगा। इस सत्र में समाज की एकताए शिक्षाए सामाजिक विकासए सांस्कृतिक संरक्षण और भविष्य की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। विभिन्न प्रस्तावों पर मंथन के बाद महासम्मेलन का औपचारिक समापन किया जाएगा।

### अस्पताल मामले में सीबीआई जांच की मांग,सौंपा ज्ञापन



बुरहानपुर। वैष्णवी चौहान की हकीमी अस्पताल में हुई संदिग्ध मौत के मामले में परिवारजनो के साथ सकल हिन्दू समाज मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय पुहचा और जनसुनवाई में सीबीआई जांच की मांग करते हुवे मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में चेतावनी देते हुवे बताया गया है कि 2 माह बितने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई । अब सड़क से लेकर अदालत तक लड़ाई लड़ी जाएगी। इसी बात को लेकर लोगों में भारी आक्रोश नजर आया। हिन्दूवादी नेता अजीत परदेसी ने जनसुनवाई में तीखे शब्दों में कहा हकीमी अस्पताल का रजिस्ट्रेशन निरस्त कर प्रशासन ने अपने हाथ झाड़ लिए। यह सिर्फ दिखावटी कार्रवाई है। वैष्णवी की मौत अकुशल डॉक्टरों द्वारा की गई लापरवाही का नतीजा है। अगर समय पर एफआईआर होती तो आज परिवार को न्याय मिल चुका होता। उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पताल में बिना योग्यता वाले डॉक्टरों द्वारा ऑपरेशन कर मरीजों की जान से खिलवाड़ किया गया। अजीत परदेसी ने कहा कि हकीमी अस्पताल में पहले पत्नी वैष्णवी की मौत,फिर पति नागेश की मौत. यह महज इत्तेफाक नहीं हो सकता। सकल हिन्दू समाज की ओर से स्पष्ट चेतावनी दी गई कि यदि 15 दिनों के भीतर सीबीआई जांच शुरू नहीं हुई और दोषियों पर आपराधिक केस दर्ज नहीं किया गयाए तो हकीमी अस्पताल को लेकर जिला स्तर पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा और कानूनी लड़ाई भी लड़ी जाएगी।

## भाजपा कार्यालय के सामने प्रदर्शन पर कांग्रेसियों के खिलाफ थाने में दिया आवेदन

**8 जनवरी को बिना अनुमति रैली, भाजपा कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन करने का आरोप।**



**नवभारत न्यूज, नेपानगर।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से मंगलवार को नेपानगर थाने में लिखित आवेदन देकर कांग्रेस नेताओं की शिकायत की गई है जिसमें कहा गया है कि 8 जनवरी को बिना किसी अनुमति के कांग्रेस नेताओं ने शहर में रैली निकाली।

भाजपा कार्यालय के सामने पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यालय के सामने गंदे पानी से भरी बोतलें रखी। डिवाईडर पर बेशर्म के पौधे लगा दिए। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस नेताओं ने भाजपा की ओर से की गई इस शिकायत पर आश्चर्य जताते हुए कहा कि भाजपा की ओर से भी कई आयोजन कराए जाते हैंए लेकिन अधिकांश की अनुमति नहीं होती।

दरअसल 8 जनवरी को नगर में युवक कांग्रेस की ओर से इंदौर के भागीरथपुरा की घटना को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया था। इस दौरान कुछ युवक कांग्रेस,कांग्रेस नेता मातापुर बाजार स्थित भाजपा कार्यालय के सामने पहुंचे थे और कार्यालय के बाहर गंदे पानी से भरी बोललें रख दी थी।

भाजपा मंडल अध्यक्ष निलेश महाजन ने कहा कि यह एक सोची समझी रणनीति के तहत किया गया। आंदोलन, रैली की कोई परमिशन नहीं ली गई।

नेपानगर थाना टीआई ज्ञानू जायसवाल ने कहा मामले की जांच कर रहे हैं। वहीं जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष रवींद्र महाजन ने कहा आयोजन प्रदेश स्तर से हुआ था और युवक कांग्रेस ने किया था। इस तरह की शिकायत करना आश्चर्य की बात है। ग्रामीण कार्यकारी अध्यक्ष जगमीत सिंह जॉली ने भी हैरानी जताते हुए कहा कि भाजपा की ओर से इस तरह की शिकायत की उम्मीद नहीं थी।

उन्होंने कहा हम भी अब उनकी ओर से आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की परमिशन है या नहीं इसकी जानकारी लेंगे। अगर किसी भी आयोजन को बिना परमिशन किया गया तो विरोध दर्ज कराया जाएगा।

## शाहपुर में न्यू लीनेस क्लब का किया गठन



**नवभारत न्यूज, शाहपुर।** शाहपुर में सभी की सर्वसम्मति से लीनेस क्लब शाहपुर का गठन किया गया । जिसमें अध्यक्ष श्रीमती अंजलि विक्रम चौहान को बनाया गया। सचिव श्रीमती आरती चंद्रकांत लांडे , कोषाध्यक्ष श्रीमती सोनाली प्रदीप पाटील ,उपाध्यक्ष श्रीमती मेघा उज्जवल चौधरी ,सह सचिव श्रीमती सारिका सनी बोदड़े सहकोषाध्यक्ष श्रीमती मनीषा अनिल वेज एवं मीडिया प्रभारी श्रीमती सीमा सुनील बैंड एवं लीनेस क्लब की सक्रिय महिला सदस्य श्रीमती सपना धर्मेंद्र देशमुख,संगीता गोपाल लांडे, सपना योगेश गावंडे,ज्योति संदीप सोनोने, सरला गोपाल बुनगाल, दीपाली प्रताप देशमुख, सुरेखा प्रवीण गावंडे, श्रीमती लता सिंह दीखीत भारती संजय सोनोने, वैशाली राजकुमार पाटिल आदि सभी उपस्थित थे। सभी पदाधिकारी को उड़ान लीनेस क्लब बुरहानपुर की अध्यक्ष सरोज किशोर सिंह ठाकुर की ओर से शुभकामनाएं बधाई दी गई। इस कार्यक्रम का आभार लीनेस सचिव श्रीमती आरती लांडे जी ने व्यक्त किया।

## अवैध मदिरा संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध आबकारी विभाग की लगातार कार्रवाई



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** कलेक्टर श्री हर्ष सिंह के निर्देशन तथा जिलाआबकारी अधिकारी पार्थसारथी शर्मा के मार्गदर्शन में आबकारी बल द्वारा पिपराना,धूलकोट भगवानिया ग्रामों एवं शहर में राजघाट एवं खेराती बाज़ार में दबिश की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान देशी प्लेन मदिरा के 33 पाव कुल 5.94 लीटर, 35 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 110 किलो तैयार महुआ लहान जप्त किया गयाए महुआ लहान सैंपल लेकर मौके पर नष्ट किया गया ।मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34;1 के तहत 09 प्रकरण कायम कर विवेचना में लिए गएए जप्त शुदा मदिरा का बाजार मूल्य लगभग 20475/–रूपये है।

कार्यवाही में उप निरीक्षक मुकुल सिंगाड़े,आरक्षक जय प्रकाश चौहान,सलोनी गोंड,कैलाश चौहान सम्मिलित रहे। इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।



## महापौर ने मेयर इन कौंसिल की बैठक में किए विकास कार्यों के अहम प्रस्ताव पारित



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** आज नगर निगम के एम आई सी हॉल में निगम परिषद के चेयरमैन की नगर निगम महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ने बैठक बुलाई गई। सर्वप्रथम निगम महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल पुर्व महापौर श्री अतुल पटेल निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव तथा एम आई सी चैयरमैन ने भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलीत किया ।

मेयर इन कौंसिल की बैठक में राजस्व विभाग अन्तर्गत नगर पालिक निगम बुरहानपुर के स्वामित्व के गुजराती समाज मार्केट स्थित रोड साईड टेरेस क्रमांक 02 व 03 जयंतीलाल पुरुषोत्तमदास एवं संजय कुमार सुन्दरलाल के नाम से 30 वर्षीय लीज पट्टे के नविनीकरण ,गांधी चौक में कुन्दन स्वीट्स के बाजू की दुकान,आरक्षित श्रेणी व अनारक्षित मे किये जाने । बस स्टेण्ड के पास नव निर्मित शॉपिंग काम्पलेक्स की दुकान क्रं. 02 एवं 03 की निविदा बोली मे प्राप्त न्यूनतम दर की स्वीकृति व बस स्टेण्ड वाहन पार्किंग हेतू आमंत्रित ई.निविदा मे प्राप्त न्यूक्तम दर स्वीकृति के संबंध में। अमृत 2.0 योजनान्तर्गत सीवरेज परियोजना की तृतीय निविदा मे निविदाकार मेसर्स दिनेशचन्द्र अग्रवाल की प्राप्त न्यूनतम दर की वित्तिय स्वीकृति बाबत।

उद्योग नगर में निगम स्वामित्व की जमीन किसान जिनिंग फैक्ट्री एंड प्रोसेसिंग आवंटित भूखंड जिनका अधिपत्य निगम द्वारा प्राप्त किया गया है कि उपयोग के संबंध में एम आई सी में लाए गए सभी प्रस्ताव चर्चानुसार आदि प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई , बैठक में विचार विमर्श किया गया और विभिन्न निर्णय माननीय महापौर द्वारा लिए गए एम आई सी चैयरमैन को प्रोजेक्टर स्क्रीन पर सांख्यिकी जानकारी दी गई।

निगम महापौर माधुरी अतुल पटेल ने शहर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों निर्माण कार्यों की भी स्वीकृति दी गई। नगर निगम महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ,पुर्व महापौर अतुल पटेल, निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव,निगम के एम आई सी चेयरमैन श्रीमति संध्या राजेश शिवहरे,धनराज महाजन, संभाजी सगरे,अनिल विष्पुते, एजाज असरफी,महेंद्र इंगले, निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव, कार्यपालन यंत्री प्रेम कुमार साहू,निगम लेखा अधिकारी विक्रम पोरवाल, सहायक आयुक्त सुश्री स्वर्णिका वर्मा,सहायक आयुक्त रितेश पाटीदार,कार्यालय अधीक्षक संदीप तिवारी ,सहायक यंत्री अशोक पाटिल,गोपाल महाजन, संजय शाह,वीरेन्द्र रवाये, राजस्व अधिकारी शशिकांत पवित्रे ,जन संपर्क अधिकारी हरिश मोरे, श्याम श्रीवास्तव ,निगम इंजीनियर्स सौरव वर्मा, विक्रम भरकुँवर आदि अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे ।

### संयुक्त जिला कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित की गई, जिसमें अधिकारियों द्वारा 63 आवेदन पत्रों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त आवेदनों का उचित,गुणवत्तापूर्ण एवं निष्पक्ष निराकरण सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों को आवेदन पत्र प्रेषित किये गये। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ सृजन वर्मा, अपर कलेक्टर वीरसिंह चौहान सहित विभिन्न विभागों के कार्यालय प्रमुख उपस्थित रहे। विदित है कि शासन के निर्देशों के अनुरूप आम नागरिकों की शिकायतों के शीघ्र एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से जिले में प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है।

एक नजर

**अर्वाचीन इंडिया स्कूल का दीक्षांत समारोह .सपनों की उड़ान को मिला नया आकाश**

# यहाँ मिले संस्कार, मूल्य और शिक्षा जीवनभर आपके साथ रहेंगे : निदेशक मिश्रा




**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** शिक्षा, संस्कार और अनुशासन की त्रिवेणी अर्वाचीन इंडिया स्कूल ने अपने वार्षिक दीक्षांत समारोह के माध्यम से विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की ओर एक सशक्त कदम बढ़ाया। इंदिरा कॉलोनी स्थित गोविंदजीवाला ऑडिटोरियम में आयोजित इस भव्य समारोह में 500 से अधिक विद्यार्थी,अभिभावक, शिक्षक एवं गणमान्य अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति रही। पूरा परिसर उत्साह, गर्व और भावनात्मक क्षणों से सराबोर नजर आया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों द्वारा मोमबत्ती प्रज्वलन किया गया, जो उनके शैक्षणिक सफर की पूर्णता एवं नए जीवन अध्याय के आरंभ का प्रतीक रहा। इस दृश्य ने उपस्थित अभिभावकों को भावुक कर दिया।

समारोह की मुख्य अतिथि संयुक्त कलेक्टर श्रीमती पल्लवी पुराणिक ने अपने संबोधन में अर्वाचीन इंडिया स्कूल की प्रशंसा करते हुए कहा यह विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कार,अनुशासन और नेतृत्व निर्माण की उत्कृष्ट प्रयोगशाला है। यहां के विद्यार्थी आत्मविश्वास, सभ्यता और जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ते हैं। यह संस्थान बुरहानपुर जिले के शैक्षणिक मानचित्र पर गौरव का स्थान रखता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे जीवन में जो भी लक्ष्य चुनें,उसे ईमानदारी, समर्पण और राष्ट्रसेवा की भावना के साथ प्राप्त करें।

विशिष्ट अतिथि डॉ.आई.एल.मुंद्रा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा आज का दीक्षांत समारोह आपके जीवन की दिशा तय करने वाला महत्वपूर्ण क्षण है। शिक्षा केवल रोजगार प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि सोच, दृष्टि और चरित्र निर्माण की प्रक्रिया है। अर्वाचीन इंडिया स्कूल ने विद्यार्थियों को ज्ञान के साथ संस्कारों की भी मजबूत नींव दी है। उन्होंने विद्यार्थियों को सतत सीखते रहने, अनुशासन अपनाने और समाज के लिए उपयोगी नागरिक बनने की प्रेरणा दी।

विद्यालय की निदेशक राखी मिश्रा ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में विद्यार्थियों को आत्मविश्वास,परिश्रम और सकारात्मक सोच के साथ लक्ष्य प्राप्ति का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आज आप विद्यालय से विदा हो रहे हैं, लेकिन यहाँ मिले संस्कार, मूल्य और शिक्षा जीवनभर आपके साथ रहेंगे।

हेड बॉय एवं हेड गर्ल ने विद्यालय के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए साथियों को निरंतर प्रगति की शुभकामनाएं दीं। डिप्टी हेड बॉय एवं डिप्टी हेड गर्ल ने शिक्षकों के मार्गदर्शन को अपनी सफलता का मूल बताया।

इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी बुरहानपुर के अध्यक्ष सुमित बोरले एवं अमित मिश्रा ने भी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं तथा विद्यालय के शैक्षणिक प्रयासों की सराहना की। अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अर्वाचीन इंडिया स्कूल ने उनके बच्चों को केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि संस्कार और आत्मविश्वास भी प्रदान किया है।

कार्यक्रम का समापन दीप्ति पोडियन द्वारा आभार प्रदर्शन एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। अंत में समस्त शिक्षकों एवं स्टॉफने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।

दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों के लिए न केवल उपलब्धि का उत्सव रहाए बल्कि जीवन में नई उड़ान भरने की प्रेरणा का प्रतीक भी बना।